Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Yadav Shri Ramakant

>

Title :Need to provide relief from "National Calamity Fund" to flood affected Azamgarh district of Uttar Pradesh.

श्री रमाकान्त यादव (आज़मगढ़) : अध्यक्ष महोदय, आपने मेरे क्षेत्र की समस्या को सुनने के लिए अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। मेरे लोक सभा क्षेत्र आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में भयंकर बाढ़ से पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है। पचास से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है। हजारों पशु मारे गए एवं हजारों किसानों और गरीबों के मकान ध्वस्त हो गए। सारी फसलें बरबाद हो गईं। 15 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वहां की सारी नदियां घाघरा, तमसा, मझुई, मगई, वेसव और कुंवर सभी में तूफानी प्रकोप आया। किसानों की सम्पूर्ण जीविका तबाह हो गई है। ऐसी स्थिति बिगड़ गई है कि सहायता के लिए फौज को बुलाना पड़ा। जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार की सहायता लोगों को नहीं मिल रही है। ऐस विकट स्थिति में लोगों को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता, खाने के लिए अनाज, अनेकों मकानों का पुनर्निर्माण और नुकसान हुई फसल का पूरा मुआवजा देने की आवश्यकता है। मेरा प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि वह राट्रीय आपदा कोा से तत्काल कम से कम एक सौ करोड़ रुपए की सहायता भेजने की कृपा करें और भारत सरकार बाढ़ से हुए नुकसान का मूल्यांकन करने के लिए एक केन्द्रीय जांच समिति यहां से आजमगढ़ रवाना करे और तत्काल उसका प्रतिवेदन मंगा कर हमारे क्षेत्र और जिले की जनता की पूरी सहायता करे।

MR. SPEAKER : Shri Sushil Kumar Modi – you have given notice for two matters. Only one matter is allowed. You can raise the flood issue.